राज्य में स्टील उद्योग की बढ़ रही मांग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नयी सरकार के आने के बाद से राज्य में नये सिरे से विकास परियोजनाओं में दिये जा रहे ध्यान से बुनियादी सुविधाओं के विकास में भी तेजी आयेगी, और पहले से ही स्मॉर्ट सिटी परियोजना, एक्सप्रेस वे, फ्लाईओवर और अन्य कई परियोजनाओं के चलते राज्य में स्टील उद्योग की मांग बढ़ रही है। इन तमाम प्रयासों से स्टील उद्योग को मौजूदा राज्य सरकार से काफी उंम्मीदें है। यहां वितरकों के लिये आयोजित कार्यक्रम में कामधेनू लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने बताया कि स्टील उद्योग की मांग बढ़ने से अप्रत्यक्ष रूप से राज्य के युवाओं के लिये रोजगार के रांस्ते भी खुल रहे है। अपने उत्पाद कामधेनू एनएक्सटी को बेहतर रिसर्च का परिणाम बताते हुये कहा कि राज्य सरकार की परियोजनाओं कॉन्क्रीट रिइनफोर्स्ड ढांचों जैसे पुल, फ्लाईओवर, बांध, थर्मल व हाइडल प्लांट, इंडस्ट्रियल टावर, स्काईलाइन बिल्डिंग, अंडरग्राउंड प्लैटफॉर्म्स के साथ निजी क्षेत्र की आवासीय कम्पनियों को काफी लाभ होगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कामधेनू एनएक्सटी न केवल उत्तम रिसर्च का परिणाम है बल्कि हमारी प्रतिबद्धता को भी प्रकट करता है कि हम सर्वोत्तम उत्पाद विकसित कर के औद्योगिक तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए प्रयासरत हैं। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए हमारी योजना अगले वर्ष तक अपनी उत्पादन क्षमता 1.5 लाख मीट्रिक टन सालाना करने की है। हमें आशा है कि कामधेनू एनएक्सटी को अपना घर बनाने वाले लोगों और डैवलपरों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया हासिल होगी। इससे पहले नेक्स्ट जेरनेशन हाई-ऐंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार कामधेनू एनएक्सटी का लांच कामधेनू लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने यह ब्रांड लांच किया, उनके साथ श्री राधे राधे इस्पात प्रा.लि. के नवीन जैन और विजय जखोडिया सहित इस मौके पर पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं आसपास के इलाकों से आए दो सौ से ज्यादा डीलर और वितरक भी मौजूद थे।